PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Punjab Kesari, Delhi
Sun, 18 Jun 2017, Page 6
Width: 21.71 cms, Height: 16.15 cms, a4r, Ref: 35.2017-06-18.176

सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई बढ़ाने को मंजूरी



नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की बैठक में निर्णय, पानी का स्तर 138.68 मीटर तक उठाया जाएगा

नई दिल्ली, (वार्ता): सरकार ने गुजरात में सरदार सरोवर बांध की ऊंचाई बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। जल संसाधन एवं नदी विकास मंत्रालय में सचिव डॉ. अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण की कल यहां हुई बैठक में यह निर्णय लिया। प्रस्ताव के तहत बांध की ऊंचाई बढ़ाने के लिए उसके द्वारों की ऊंचाई में बदलाव करके जलाशय में और पानी बढ़ाकर इसके स्तर को 138.68 मीटर तक उठाया जाएगा। बांध के प्रवेश द्वारों को नीचा रखने से बांध की क्षमता 1565 एमसीएम से बढ़कर 5740 एमसीएम हो जाएगी और इससे इसके जल में 267 प्रतिशत की बढ़ौतरी होगी। इससे स्वच्छ जल विद्युत उत्पादन भी 1300 मेगावाट से बढ़कर 1450 मेगावाट हो जाएगा। इस बांध के निर्माण से गुजरात और राजस्थान के सूखे की आशंका वाले और रेगिस्तानी क्षेत्रों में पानी की जरूरत को पूरा किया जा सकेगा।

सरदार बांध लबालब भरा : 30 दरवाजे बंद : उधर गुजरात में नर्मदा जिले के केवलिया स्थित सरदार सरोवर नर्मदा जलाशय पर नवनिर्मित 30 दरवाजों को आज बंद कर दिया गया जिससे इसमें जल संग्रहण क्षमता का स्तर पूर्व के 121.92 मीटर की तुलना में बढ़ कर 138.68 मी. हो गया है यानी अब इस ऊंचाई को पार करने पर ही ओवरफ्लो होगा। इससे इसके जलाशय में जमा होने वाले अधिकतम 1.27 मिलियन एकड़ फीट अथवा एमएएफटी की जगह अब 3.75 गुना अधिक यानी 4.37 एमएएफटी पानी रखा जा सकेगा। दरवाजे लगने से इससे जुड़े दो जल विद्युत संयंत्रों के उत्पादन में भी लगभग 40 प्रतिशत का इजाफा होगा। नर्मदा नदी पर बने इस बांध के दरवाजों को बंद करने की अनुमति नर्मदा नियंत्रण प्राधिकार ने कल शाम ही दी थी। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और उप मुख्यमंत्री नीतिन पटेल की मौजूदगी में आज दरवाजे बंद करने की प्रक्रिया की शुरुआत की गई।

श्री रूपाणी ने कहा कि इन दरवाजों के बंद होने से गुजरात की किस्मत और समृद्धि के दरवाजे खुल जाएंगे। पूरे गुजरात में अगले 15 दिन तक मां नर्मदा उत्सव मनाया जाएगा। श्री पटेल ने कहा कि नर्मदा परियोजना से गुजरात के 150 शहरों और 9000 गांवों के 4 करोड़ लोगों को पेयजल मिलता है। इसकी संग्रहण क्षर्मता बढ़ने से राज्य में जल उपलब्धता बेहतर हो जाएगी।

सरदार सरोवर परियोजना के महा प्रबंधक (तकनीकी) एमबी जोशी ने बताया कि 30 में से 23 दरवाजे 60 गुणा 50 फुट के तथा सात 60 गुणा 60 फुट आकार के हैं और इनका औसत भार 450 टन का है।